दिनांकः 11.05.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रदेश में नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कल कई स्थानों पर आंधी और बारिश–आज भी अधिकतर स्थानों पर आंधी और हल्की बारिश की संभावना।
- राज्य सरकार ने जयपुर के जे.के. लोन अस्पताल में प्लाज्मा चोरी मामले में ब्लड बैंक के इंचार्ज को किया एपीओ।
- सिंधी भाषा के सिलेबस को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप तैयार करने के लिए कमेटी का गठन।
- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने राजमार्ग उपयोगकर्ताओं के साथ दुर्व्यवहार करने के लिए एक टोल संचालन एजेंसी को किया प्रतिबंधित।

-----------

प्रदेश में नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कल कई स्थानों पर आंधी और बारिश के समाचार हैं। राजधानी जयपुर में कई स्थानों पर तेज हवा चलने के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई। यहां आज सुबह से ही बादल छाये हुए हैं और मौसम सुहाना बना हुआ है। जोधपुर में आज तड़के हल्की बारिश हुई। हमारे संवाददाता ने बताया कि मौसम ठंडा होने और साथ ही सरकारी अवकाश होने से शहर के पर्यटन स्थलों पर लोंगों की आवाजाही बढ़ गयी है।

-----------

अलवर जिले में भी मौसम खुशनुमा हो गया है। भीलवाड़ा जिले के बीगोद में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। बीकानेर में दिनभर पड़ी तेज गर्मी के बाद शाम को हल्की बारिश हुई, जो रात को तेज हो गयी। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। यहां कुछ इलाकों में ओले भी गिरे। शाहपुरा जिले में दिनभर लू चलने के बाद हल्की बारिश ने आमजन को राहत दी। हनुमानगढ़ में कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश के साथ ओले गिरे। आज भी बादल छाये होने से मौसम सुहाना बना हुआ है। टोंक में तेज अंधड के कारण निर्माणाधीन पुल का पिलर गिर गया। सवाईमाधोपुर, कोटा, बूंदी, धौलपुर और भीलवाड़ा में भी कल रात हल्की बारिश हुई। श्रीगंगानगर में तेज आंधी और बूंदाबांदी का दौर बना रहा। इसके चलते विद्युत निगम ने एहतियात के तौर पर पूरे इलाके में बिजली आपूर्ति बंद कर दी।

मौसम केन्द्र जयपुर ने आज कोटा, बीकानेर, जोधपुर, भरतपुर, जयपुर और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं आंधी और हल्की बारिश की संभावना जतायी है। विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में राज्य के ज्यादातर स्थानों पर अधिकतम तापमान 41 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। सबसे ज्यादा 45 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस तापमान बीकानेर में दर्ज हुआ। फलौदी में 45 दशमलव 2, श्रीगंगानगर, चूरू और सीकर के फतेहपुर में 44 दशमलव 9 और राजधानी जयपुर में 43 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ।

-----------

राज्य सरकार ने जयपुर के जे.के. लोन अस्पताल में प्लाज्मा चोरी मामले में ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉ. सत्येन्द्र चौधरी को तत्काल प्रभाव से एपीओ कर दिया है। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि अस्पताल में लैब टेक्नीशियन किशन सहाय कटारिया द्वारा प्लाज्मा चोरी का मामला सामने आने के बाद उसे निलंबित कर दिया था। श्रीमती सिंह ने बताया कि मामले की जांच के लिए गठित की गयी कमेटी की रिपोर्ट में बताया गया है कि ब्लड बैंक के सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग नहीं पाई गई। सात कैमरों में से प्लाज्मा स्टोर रूम में लगे एक कैमरे के तार कटे हुए थे और अन्य उपकरणों से छेड़छाड़ होना पाया गया। इस आधार पर लैब टेक्नीशियन और डॉ. चौधरी के खिलाफ सीसीए नियम–16 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

-----------

राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड–आरएमएससी की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने कहा है कि स्वास्थ्य भवन में निर्माणाधीन कार्यों को गति देकर जल्द से जल्द पूरा किया जाए और उनकी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कल आरएमएससी के नये भवन में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने भवन में गर्भवती महिलाओं के लिए विश्राम गृह और क्रेच की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि करीब 18 करोड़ रूपए की लागत से बनाए जा रहे इस भवन का निर्माण कार्य पूरा होने से चिकित्सा संबंधी काम और अधिक सुगमता से संचालित हो सकेंगे और संबंधित सेवाओं का विस्तार किया जा सकेगा।

-----------

सिंधी भाषा के सिलेबस को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप तैयार किया जाएगा। इसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी एक महीने में इस काम को पूरा करके रिपोर्ट राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद को सौंपेगी। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद की कार्यकारिणी की बैठक में यह बात कही।

-----------

सेना के तीनों अंगों के एकीकरण के लिए दूसरा दो–दिवसीय परिवर्तन चिंतन सम्मेलन कल नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए इस एकीकरण प्रक्रिया को तेज़ करने पर बल दिया ताकि सेना की समेकित दक्षता में वृद्धि हो सके। श्री चौहान ने विश्वास व्यक्त किया कि इस सम्मेलन से देश की क्षेत्रीय अखंडता और राष्ट्रीय संप्रभुता के बेहतर तरीके से संरक्षण का मार्ग प्रशस्त होगा। सम्मेलन में सेना के तीनों अंगों के मुख्यालयों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

-----------

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने राजमार्ग उपयोगकर्ताओं के साथ दुर्व्यवहार करने के लिए एक टोल संचालन एजेंसी को प्रतिबंधित कर दिया है। प्राधिकरण ने राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार की घटना के लिए एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा है कि घटना की प्राधिकरण ने जांच कर फर्म को 'कारण बताओ' नोटिस जारी किया था, जिसका जवाब असंतोषजनक पाए जाने पर उसे प्रतिबंधित कर दिया गया। अनुबंध समझौते में स्पष्ट रूप से परिभाषित है कि ठेकेदार के कर्मचारी जनता के साथ दुर्व्यवहार नहीं करेंगे और सख्त अनुशासन का पालन तथा शालीन व्यवहार करेंगे। गौरतलब है कि 5 मई को राजस्थान में अमृतसर–जामनगर खंड पर सिरमंडी टोल प्लाजा पर हुई घटना के बाद ये निर्णय लिया गया।

-----------

आज विश्व प्रवासी पक्षी दिवस है। ये दिन हर साल मई महीने के दूसरे शनिवार को मनाया जाता है। यह एक वैश्विक अभियान है, जो प्रवासी पक्षियों और सीमाओं के पार उनकी यात्राओं के संरक्षण को बढावा देता है। इस अवसर पर कोटा में वन्य जीव विभाग की ओर से अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क क्षेत्र में बर्ड वाचिंग कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

-----------

बालोतरा जिले की लूणी नदी में बजरी के अवैध खनन और परिवहन पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। कल जिले की पचपदरा, जसोल और सिणधरी पुलिस ने अलग–अलग कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी से भरे 4 डम्पर और 6 ट्रेक्टर जब्त कर 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि बजरी की वैध लीज खत्म होने के बाद बढ़ती अवैध खनन की गतिविधियों के मद्देनजर जिला कलेक्टर ने राजस्व, पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त बैठक लेकर इनकी प्रभावी रोकथाम के निर्देश दिए थे।

-----------

कोटपूतली–बहरोड़ जिले में राजस्थान पुलिस की ओर से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए ऑपरेशन सम्पर्क चलाकर उन्हें जागरुक किया जा रहा है। इसके तहत पुलिसकर्मी ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर पुलिस मित्रों, ग्राम रक्षकों और सीएलजी सदस्यों के साथ मिलकर लोगों से सम्पर्क कर रहे हैं। इस दौरान लोगों को क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अपराधिक सूचना देने के लिए महिला, चाइल्ड और साइबर ठगी हेल्पलाइन सहित पुलिस थाना और विभागीय अधिकारियों के नम्बर दिये जा रहे हैं।

-----------